भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 764

उत्तर देने की तारीख: 07.02.2022

इंजीनियरिंग और व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश

764. श्री गोपाल शेट्टी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तारीख के अनुसार, देश में सरकारी और निजी क्षेत्र के इंजीनियरिंग और व्यावसायिक संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उपलब्ध सीटों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) आज की तारीख के अनुसार, उक्त संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए;
(ग) क्या सभी आवेदकों को इन संस्थानों में प्रवेश मिल गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या इन संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अब भी सीटें रिक्त हैं और यदि हां, तो संस्थान/पाठ्यक्रम-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) इन संस्थानों में उक्त रिक्त सीटों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ड़): केंद्र सरकार के इंजीनियरिंग और व्यावसायिक संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2020-2021 में प्रवेश के लिए सीटों की कुल संख्या 57,443 है और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित सरकारी और निजी संस्थानों के लिए क्रमशः 5,64,308 और 25,22,357 सीटें हैं।

ऐसे संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या के बारे में डेटा केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है। हालांकि, केंद्र सरकार के इंजीनियरिंग और व्यावसायिक संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल नामांकन 57,165 है और एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित सरकारी और निजी संस्थानों के लिए कुल नामांकन 3,87,880 और 12,74,232 हैं।

सीटों का भरना पाठ्यक्रम और संस्थान के लिए अभ्यर्थियों की योग्यता और वरीयता/पसंद पर निर्भर करता है। सीटों को भरने के लिए कई काउंसलिंग राउंड और विशेष राउंड आयोजित किए जाते हैं।

*****